हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 23 जनवरी 2024

11 भूमि सुधार आंदोलन को आम आदमी पार्टी ने दिया...



12 श्रद्धालुओं ने देवी-देवताओं के पावन स्वरूप का ...



## खबर संक्षेप

### दो बाइक की टक्कर में एक सवार घायल

**भट्टूकलां।** पुलिस को दी शिकायत में गांव किरढ़ान निवासी सतपाल ने कहा है कि गत दिवस वह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से फतेहाबाद जा रहा था। सिरढ़ान रोड पर बड़ी नहर के पास सामने से आ रहे एक अन्य बाइक चालक ने सीधी टक्कर दे मारी। इस हादसे में वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### डायल 112 टीम पर युवक ने किया हमला

**फतेहाबाद।** पुलिस को दी शिकायत में ईएचसी मनजीत सिंह ने कहा है कि वह डायल 112 पर बतौर इंचार्ज नियुक्त है। गत दिवस उन्हें भूथनकलां निवासी कालर रानी ने सूचना दी कि 4-5 लड़के शराब पीकर धमकी दे रहे हैं। वह पुलिस टीम ने कृष्ण निवासी भूथनकलां को समझाने लगे तो इसी दौरान कृष्ण ने ईंट उठाकर पुलिस कर्मचारियों पर हमला कर दिया, जिससे गाड़ी का शीशा टूट गया।

### चूरापोस्त सहित बाइक सवार दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** थाना सदर रतिया के अंतर्गत आने वाली नागपुर पुलिस चौकी की टीम ईएसआई राधाकृष्ण के नेतृत्व में टायर फैक्ट्री के पास बाइक सवार दो युवक को शक के आधार पर पूछताछ की तो युवकों ने अपना नाम लखबीर सिंह उर्फ काला व गुरप्रीत सिंह उर्फ बुटी निवासी मुसाखेड़ा बताया। पुलिस ने जब इनके पास प्लास्टिक थैले की तलाशी ली तो उसमें से 1 किलो 576 ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ।

### टोहाना में नकदी सहित 6 जुआरी पकड़े

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस की टीम एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान रेलवे फाटक, जमालपुर रोड, टोहाना पर पहुंची तो पाया कि 6 युवक जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने सभी युवकों को काबू कर लिया। पुलिस पूछताछ में इन्होंने अपने नाम पवन कुमार, रिन्कू, सुशील, प्रवीन निवासी जमालपुर शेखां, अजमेर व अर्जुन निवासी गिलांवाली ढाणी, टोहाना बताया। पुलिस ने इनके पास से 14730 रुपये की जुआ राशि बरामद कर इनके खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### तूड़े लोड ट्रैक्टर-ट्राली और कार में टक्कर

**फतेहाबाद।** पुलिस को दी शिकायत में खैरी रोड, भूना निवासी विक्रम सोनी ने कहा कि गत दिवस वह अपने घर से कार में सवार होकर दिल्ली के लिए निकला था। गांव पाबड़ा से नहला की तरफ जाते समय तूड़े से ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली का चालक ट्रैक्टर को लापरवाही से चलाते हुए आया और उसकी गाड़ी में टक्कर दे मारी। हादसे में उसकी गाड़ी ट्राली के नीचे फंस गई और वह घायल हो गया।

### घर से नकदी, आभूषण व दस्तावेज चोरी

**सिरसा।** पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक मक्खन सिंह ने बताया कि वह खेतों में बनी ढाणी में रहता है। उसने बताया कि बीती 19 जनवरी की देर रात को चोरों ने मकान में घुसकर कमरे में पड़ी अलमारी के ताले तोड़कर 1.50 लाख रुपए की नकदी, 5 तोले सोने के आभूषण व कुछ दस्तावेज चोरी कर लिए।

### मधुमक्खियों के 100 बॉक्स चोरी

**चोपटा।** पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के भादरा निवासी भजनलाल ने बताया कि वह गांव कुतियाना निवासी मेवा सिंह के खेतों में मधुमक्खी पालन का काम करता है। उसने बताया कि उसने खेतों में मधुमक्खी के 100 डिब्बे लगा रखे थे। बीती 18 जनवरी की रात को चोरों ने उसके सभी डिब्बे चोरी कर लिए।

## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का फतेहाबाद में लाइव प्रसारण, शोभा यात्रा निकालकर मनाया रामोत्सव

# 21 हजार दीप जलाकर हर घर में मनाई दीपावली, मंदिरों में उमड़ी रामभक्तों की भीड़, जय श्रीराम के लगे जयकारे



**फतेहाबाद।** मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर में कलश यात्रा निकालती महिलाएं।



**फतेहाबाद।** अनाज मण्डी में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।



**फतेहाबाद।** श्री अमर ज्योति मंदिर में नगरपरिषद प्रधान राजेन्द्र खिची को सम्मानित करते प्रबंधक।



**फतेहाबाद।** विधायक दुड़ाराम को सम्मानित करते अखंड भारत सेवादल के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को पूरे जिले में अद्भुत, अभूतपूर्व नजारा देखने को मिला। रामलला प्राण प्रतिष्ठा के शुभ मुहूर्त पर शहर के लोग उत्साहित व आनंदित महसूस कर रहे थे। इस दौरान पूरा फतेहाबाद जिला राममय नजर आया। फतेहाबाद सहित टोहाना, भूना, रतिया, भट्टू, जाखल में अनेक मंदिरों, धार्मिक व सामाजिक संगठनों ने बड़ी स्क्रीन लगाकर अयोध्या के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया। रामभक्तों द्वारा जगह-जगह लंगर भंडारे चलाए गए व शोभा यात्राएं निकाली गई।

फतेहाबाद शहर के सभी मंदिरों को सजाया गया और शहर में भी जगह-जगह सौंदर्यीकरण किया गया। चौक चौराहों को सजाया गया। शहर के थाना रोड पर आरएसएस के सबसे पुराने स्वयंसेवक वैद्य रामेश्वर दास के संस्थान के आगे एक बड़ी स्क्रीन लगाकर अयोध्या कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया वहीं लंगर भी चलाया गया। इसी तरह शहर की अनाज मंडी में व्यापार मंडल, हनुमान दल द्वारा मंडी शेड के नीचे बड़ी स्क्त्रीन लगाकर प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जिसमें काफी संख्या में मंडी आढ़ती, मजदूरों ने भी कार्यक्रम देखा। इस अवसर पर व्यापार मंडल प्रधान जगदीश भादू, अन्य पदाधिकारी, अनिल असीजा सहित अनेक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

इसके अलावा पालिका मार्केट, फव्वारा चौक में साज सज्जा की गई। शिव चौक के मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, गीता मंदिर में लोग पूजा अर्चना के लिए पहुंचे। इसके अलावा भाटिया कॉलोनी में आसपास की चार कॉलोनियों के लिए दीवानचंद भाटिया धर्मशाला में बड़ी स्क्रीन लगाकर लोगों को लाइव कार्यक्रम दिखाया गया। बीती सायं भी शहर में दीपावली जैसा माहौल देखने को मिला था। मॉडल टाऊन स्थित पपीहा पार्क के बाहर 21 हजार दीप जलाए गए। इस दौरान राम नाम की धुन चली और इसे देखने के लिए सैकड़ों शहरवासी उमड़ पड़े। एक साथ जले 21 हजार दीप से पूरा इलाका रोशन हो गया और ठिठुरती ठंड भी एकाएक गायब हो गई। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर के सभी सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहा वहीं स्कूलों में भी अवकाश रहा।

### रघुनाथ मंदिर में हुआ भजन कीर्तन



श्री रघुनाथ मंदिर में भी बड़ी स्क्रीन पर भक्तों ने लाइव कार्यक्रम देखा, साथ ही हरिनाम संकीर्तन मंडल द्वारा भक्ति संगीत कार्यक्रम का भी आयोजन किया। जिसका सभी ने लुत्फ लिया। इस अवसर पर मंदिर सभा प्रधान टेकचंद मिढ़ा, ओमप्रकाश सरदाना, इंद्रसेन बतरा, नरेश सरदाना, मुख्तयार सिंह बाजीगर, केतन मिढ़ा, रामकुमार मेहरा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। पंडित राकेश शर्मा ने पूजा आरती करवाई।

### प्राण प्रतिष्ठा होते ही जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा अमर ज्योति मंदिर

**फतेहाबाद।** श्री अयोध्या धाम में हुए श्री रामलला जी के मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर श्री अमर ज्योति मंदिर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा जहां सुंदर कांड का पाठ किया गया वहीं श्रीराम के भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। श्रीराम जी का बड़े दरबार को मंदिर में सजाया गया। गद्दीनशीन गुरूमाता प्रकाश देवी ठक्कर के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रमुख समाजसेवी अशोक मित्तल ने किया। विशेष अतिथि के तौर पर नगरपरिषद प्रधान राजेन्द्र खिची, समाजसेवी दलीप कथूरिया ने भाग लिया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के निदेशक राजीव ठक्कर, ऑडिटर सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा, प्रधान मेहरचंद गिल्होत्रा सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और जय श्रीराम जय राम, जय जय राम के जयकारों से वातावरण मंगलमय हो गया। जयकारों के गूंज से सभी भक्तजन हर्षोल्लास के साथ खुशियां मना रहे थे। श्री रामलला जी की जैसे ही अयोध्या धाम से लाइव प्रसारण की तस्वीर सामने आई वैसे ही श्री अमर ज्योति मंदिर में मौजूद भक्तजनों ने श्रीराम, जय राम, जय जय राम के जयकारे लगाने शुरू कर दिए। मंदिर के ऑडिटर साहिब दयाल वधवा ने सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी। मंदिर में ज्योति प्रचंड के साथ-साथ पुजारी विजय कुमार शर्मा द्वारा श्री राम महिमा का गुणगान किया गया। समापन पर विशाल लंगर भंडारा भी लगाया।

### सालों से इस दिन का इंतजार कर रहे थे देशवासी : दुड़ाराम

**फतेहाबाद।** अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अखंड भारत सेवा दल के द्वारा शहर की बीमा कॉलोनी स्थित निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर में लाइव दिखाया गया। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक दुड़ाराम ने भी रामभक्तों के साथ अयोध्या का पूरा कार्यक्रम लाइव देखा। कार्यक्रम के उपरांत राम मंदिर में आरती की गई तथा श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के नारे लगाए। विधायक दुड़ाराम ने कहा आज का दिन देश के लिए बेहद खुशी का दिन है, इस दिन के लिए देशवासियों ने लंबा इंतजार किया है तब जाकर 500 साल बाद यह दिन आया है। दुड़ाराम ने फतेहाबाद विधानसभा के लोगों को इस ऐतिहासिक दिन की बधाई दी। इस अवसर पर अखंड भारत सेवा दल के कार्यकर्ता श्रवण बुड़िया व दीपक सरदाना भारतदीप ने बताया कि सोमवार शाम को भी मंदिर में भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा तथा लंगर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शहर के राम मंदिर का काम मार्च तक पूरा हो जाएगा इसके बाद मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी, इससे पहले शहर में भव्य झंडा यात्रा भी निकाली जाएगी। कार्यक्रम में पूनम चंद नम्बरदार, मुकेश नारंग, चन्द महत्ता, राजकुमार सरदाना, गौरव महता, गौरव शास्त्री, हेमन्त शर्मा, विनोद सोनी, सुभाष सोनी, राजन सरदाना, नरेंद्र मदान, गोबिंद भरपूर, रोहताश शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## प्रभु श्रीराम हमारे आराध्य : बबली



**टोहाना।** रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर केक काटते पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा है कि प्रभु श्रीराम हमारे आराध्य हैं, आदर्श हैं, हमारे प्राण है। उनके जीवन का त्याग, करुणा व संघर्ष हमारी प्रेरणा है। भगवान श्री राम धीरोदात्त नायक थे, उनके शील व धैर्य के कारण उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। कैबिनेट मंत्री ने सोमवार को नई सब्जी मंडी, प्राचीन हनुमान मंदिर सपरा मोहल्ला, राम मंदिर चंडीगढ़ रोड, एफसीआई गोदाम, हनुमान मंदिर नई अनाज मंडी, नया बाजार टोहाना, राम भवन टोहाना, डांगरा धाम, कृष्णा मंदिर जाखल पुरानी सब्जी मंडी टोहाना में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर रखे गये विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत किया। उन्होंने प्रभु श्री राम के भजनों का आनंद लिया और हवन यज्ञ में आहुति डालकर सबके सुख समृद्धि की कामना की। पंचायत मंत्री ने कहा कि आज का दिन देशवासियों के लिए गौरव का दिन है। इस अवसर पर अग्रवाल सभा प्रधान रमेश गोयल, विनोद बबली, मनोज बबली, सुभाष गोयल, कृष्ण गोयल, विक्रम गर्ग, जतिन बांसल, पार्षद जॉनी मेहता, मोंटू अरोड़ा आदि मौजूद थे।

### प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर करवाया सत्संग व भंडारा

**सिरसा।** अयोध्या में सोमवार को श्रीराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री सनातन धर्म सभा मंदिर के प्रांगण में सत्संग और लंगर भंडारे का आयोजन किया गया। सत्संग के दौरान दिव्य 'योति जागृति संस्थान की सेविकाओं ने भजनों और प्रवचनों के माध्यम से माहौल को राममय बना दिया। श्री सनातन धर्म सभा के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन केडिया, सचिव बजरंग मोहन पारीक, सुरेंद्र बंसल एडवोकेट सहित अन्य पदाधिकारियों ने साध्वियों का प्रवचन के लिए पहुंचने पर आभार प्रकट किया और सभी सत्संग प्रेमियों का भी धन्यवाद किया। सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक सत्संग का कार्यक्रम चला जिसके दौरान साध्वियों ने श्रीराम नाम की महिमा का गुणगान किया। सत्संग के उपरांत सभी को प्रसाद वितरित किया गया और श्रीराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की बधाई दी। इसके उपरांत लंगर भंडारा हुआ जिसमें सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि श्री सनातन धर्म सभा द्वारा 20 जनवरी को श्री राम के जीवन चरित्र पर आधारित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया था जिसमें लोगों ने बहुत उत्साह के साथ भाग लिया था।








**सिरसा।** राम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर शहर में निकाली गई शोभायात्रा के दौरान एक झांकी तथा यात्रा में शामिल श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## 5100 महिलाओं ने ध्वजा उठाकर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा महाराजा अग्रसेन स्कूल से शुरू हुई और विभिन्न बाजारों से हो हुए देर शाम बाबा तारा कुटिया में संपन्न हुई। शोभायात्रा में 5100 महिलाएं ध्वज उठाकर चल रही थी। इसके अलावा शहर के सभी मंदिरों श्रीराम के जयकारें गूंजते रहे। जगह-जगह लंगर भंडारे लगाए गए। शोभायात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट रहा और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखा ताकि आमजन को परेशानी न हो।

शोभायात्रा महाराजा अग्रसेन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से शुरू हुई। शोभायात्रा स्कूल से चलकर काठमंडी, भादरा बाजार, रोड़ी बाजार, जगदेव सिंह चौक, शिव चौक, आचार्य तुलसी चौक, घंटाघर चौक से रानियां रोड होते हुए शाम को तारा बाबा कुटिया पहुंचकर संपन्न हुई। स्कूल परिसर में बड़ी स्क्रीन लगाकर अयोध्या से श्रीराम विग्रह प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण दिखाया गया। एक ओर सेवादार बाहर यातायात नियंत्रण में लगे हुए थे तो दूसरे ओर सेवादार झांकियों को क्रम देने में लगे हुए थे। शोभायात्रा शुरू होने से पूर्व वहां पूजन हुआ, जिसमें ओडिसा के पूर्व रा'यपाल प्रो. गणेशीलाल, सिरसा की सांसद सुनीता दुग्गल, गोपाल कांडा, अनिल गनेरीवाला, गोपाल सर्राफ, सुनील सर्राफ, पूनम सेठी, रीना सेठी, धवल कांडा, हरमंद्र मराड़, भीम सर्राफ आदि शामिल हुए। शोभायात्रा में रामा क्लब, ब्राहमण समाज, रविदास समाज, भारत विकास परिषद, ब्रह्माकुमारी, कबीर समाज, शोरगर समाज, आर्य समाज, भारतीय जाट समाज, अमरनाथ सेवा ट्रस्ट, बालाजी मंदिर कंगनपुर, विश्व हिंदू परिषद, महात्मा बुद्ध योग, विश्वकर्मा समाज, नंदीशाला केलनियां, प्रभु प्रेमी संघ, नीलकंठ भंडारा संघ, वाल्मीकि समाज, गुज्जर, बाजीगर, सैनी, राजपूत, स्वर्णकार, बिश्नोई, भाट, जांगिड समाज, की ओर से झाांकियां, पांचवें ब्लाक में 06 घोड़े, एक ऊंट, राजस्थानी डीजे, डेरा बाबा श्योरामजी, बाबा बिहारी चेरिटेबल ट्रस्ट, बाबा सरसांईनाथ डेरा, डेरा बाबा भूमण शाह, श्री बाबा तारा ट्रस्ट, अग्रवाज समाज, नामधारी समाज, श्रीश्याम बगीची, किन्नर समाज, श्रीसालासर धाम झांकी और श्री सालासर धाम डीजे, प्रसाद वितरण रथ, श्रीराम रथ जिसे पर 11 फु ट ऊंची भगवान श्रीराम की प्रतिमा थी। इसक साथ ही 51ब्राहमण शंख बजाते हुए आगे आगे चल रहे थे। हर चौक पर पुलिस बल तैनात था, शोभायात्रा को लेकर रूट डायवर्ट किया गया। जिला पुलिस के जवानों को सादा वर्दी में भी विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया।

### हवन यज्ञ और भंडारे में चेयरमैन सुभाष बराला ने की शिरकत

# तप, त्याग और संकल्प का प्रतीक राम मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना



**टोहाना।** मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद चेयरमैन सुभाष बराला। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो एवं किसान कल्याण प्राधिकरण के चेयरमैन सुभाष बराला ने सोमवार को रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में एफसीआई फूड सप्लाई एसोसिएशन, सैलर मुनीम एसोसिएशन द्वारा एफसीआई गोदाम में हवन यज्ञ भंडार में भाग लिया। उन्होंने अनाज मंडी एसोसिएशन द्वारा आयोजित हवन यज्ञ में भी आहुति डाली और लंगर ग्रहण किया। चेयरमैन सुभाष बराला ने गणेश मंदिर में आरती में भाग लिया और गणेश जी, श्रीराम जी और शनिदेव देव मन्दिर में पूजा अर्चना भी की। इस मौके पर आदर्श स्कूल के विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर जय श्री के नारों के उदघोष किया। चेयरमैन सुभाष बराला ने आज के दिन को देश के लिए बड़ा और ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा कि करोड़ों हिंदुओं ने मंदिर निर्माण के लिए संघर्ष और बलिदान किया है, जिसके फलस्वरूप आज मंदिर ने साकार रूप लिया है। श्री राम के नाम की तरह ही अयोध्या में बना भव्य राम मंदिर भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत का प्रतीक है और पूरी मानवता को प्रेरणा तथा मार्गदर्शन देता रहेगा। उन्होंने कहा कि जीवन का ऐसा कोई पहलू नहीं है, जो हमारे राम से प्रेरित न हो। श्रीराम भारत की आस्था हैं, भारत के आदर्श हैं। उन्होंने कहा कि राम सबके हैं, सब में हैं और उनकी यही सर्वव्यापकता भारत का विविधता में एकता का चरित्र दिखाती है। उन्होंने विश्वास जताया कि राम का मंदिर भारतीय संस्कृति का आधुनिक प्रतीक होगा, हमारी शाश्वत आस्था का प्रतीक बनेगा। राम प्राचीन और आधुनिकता का समागम हैं। हमे प्रभु श्रीराम के दिखाए मार्ग पर चलकर हमारी विरासत और संस्कृति को सहजने में अपनी भूमिका अदा करनी चाहिए। इस मौके पर नगरपरिषद के चेयरमैन नरेश बंसल, सरपंच लक्ष्मण दास, प्रधान मंडी जीवन बंसल, रामफल, कृष्ण बंसल, राकेश मस्तु, नसीब सैनी, मोंटू अरोड़ा, मजदूर संघ प्रधान बसाऊ राम, केला राम, शंकर मित्तल, पार्षद पूजा मित्तल, केशव बंसल, सतपाल चांदना, पवन असीजा, पार्षद प्रतिनिधि बलदेव सैनी, नरेंद्र गर्ग, रमन मड़िया, निखिल बंसल, पार्षद प्रतिनिधि रमेश मेहता, नरेश भाटिया, जगमेल कटारिया, पोला सिंगला आदि मौजूद रहे।

## आम आदमी पार्टी ने करवाया सुंदर कांड पाठ



**फतेहाबाद।** अयोध्या में रामलला के मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा फतेहाबाद में मिनी बाईपास, हंस कालोनी स्थित श्री शिव श्याम मंदिर में सुंदर कांड का पाठ करवाया गया। श्री सुंदर कांड पाठ में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम लोगों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया और भगवान श्री राम के सबसे बड़े भक्त हनुमान की आराधना की। उन्होंने विद्वान पंडितों के साथ विधिवत सुंदरकांड का पाठ किया और प्रदेश की सुख-शांति और समृद्धि के साथ देश की तरक्की के लिए कामना और प्रार्थना की। इस भव्य सुंदरकांड का समापन यज्ञ और हनुमान जी की आरती के साथ हुआ। आप नेताओं ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने प्रदेश की सुख-शांति और तरक्की के लिए पूरे हरियाणा के सभी जिलों में सुंदरकांड का पाठ करवाया गया है। इससे सबकी तरक्की होगी, सबको सुख-शांति मिलेगी। उन्होंने कहा कि सबकी तरक्की और सुरक्षा के लिए, जनता की खुशी, देश और प्रदेश की तरक्की के लिए कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि में सुधार कर राम राज्य लाना है। पार्टी की राज्य महिला उपाध्यक्ष सुशीला सर्राफ, जिला किसान सेल अध्यक्ष जयविन्दर मेचु, एससी सेल अध्यक्ष विनोद भड़ोलावाली, लोकसभा उपाध्यक्ष बीबो इंदौरा, ब्लॉक अध्यक्ष ललित गोयल, पुनीत बंसल, रिंकू फ्रंड, प्रमोद आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सराभा भवन से हजारों का सामान चोरी

**सिरसा।** पुलिस को दी शिकायत में तिलकराज विनायक एडवोकेट ने बताया कि वे सराभा भवन के इंचार्ज हैं। उन्होंने बताया कि इस भवन में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी का कार्यालय भी है। उन्होंने बताया कि बीती 20 जनवरी की शाम को वे कार्यालय के कमरों व गेट को ताले लगाकर घर चले गए। देर रात को चोरों ने भवन में घुसकर 6 छत वाले पंखे, पानी की मोटर, कूलर की मोटर सहित कुछ अन्य सामान चोरी कर ली।

### जीप की चपेट मेंआने से महिला की मौत

**सिरसा।** गांव थेड़ी रोड पर एक प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करने वाले व्यक्ति की पत्नी की पिकअप के पिछले टायर तले आने से मौत हो गई। पिकअप चालक मौके से भाग गया। पुलिस को दिए बयानों में महिला के पति रिंकू निवासी यूपी ने बताया कि वह थेड़ी रोड पर स्थित सालासर प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता है। उसने बताया कि बीती 21 जनवरी की सुबह वह फैक्ट्री में काम कर रहा था। उसकी पत्नी प्रिया फैक्ट्री का कूड़ा डालने के लिए जा रही थी।

### दिल्ली कूच को लेकर गांवों में किया जनसंपर्क

**सिरसा।** किसान आंदोलन की लंबित मांगों को लेकर 13 फरवरी को किसानों द्वारा किए जा रहे दिल्ली कूच कार्यकम को लेकर बीकेई ने गांवों में जनसंपर्क किया। बीकेई अध्यक्ष लखविंद्र सिंह ने बताया कि 13 फरवरी को किसान आंदोलन के दौरान सरकार द्वारा किए गए वादों को पूरा न करने के विरोध में दिल्ली की ओर फिर से किसानों द्वारा कूच किया जाएगा।

### जिंदल ने तरुण खुल्बे को सीईओ किया नियुक्त

**हिसार।** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) के निदेशक मंडल ने तरुण खुल्बे को मुख्य कार्यकारी अधिकारी और पूर्णकालिक निदेशक के रूप में पदोन्नत करने की मंजूरी दे दी है। हाल ही में हुई एक बैठक में, बोर्ड ने पेशेवर रूप से प्रबंधित और एकीकृत संगठन संरचना स्थापित करने के उद्देश्य से इस निर्णय को अपनी मंजूरी दी। वह मुख्य कार्यकारी के अलावा पूर्णकालिक निदेशक के पद पर बने रहेंगे जिस पर वह मई 2018 से हैं।

### श्री श्याम बाबा प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा पर हवन

**हिसार।** मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म सभा मंदिर में श्री श्याम बाबा प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। मंदिर में स्क्रीन पर श्रद्धालुओं रामलला प्राण प्रतिष्ठा और अनुष्ठान को भी देखा। श्री राम जन्म भूमि अयोध्या के श्री राम मंदिर में राम लला के आगमन के दिन हुए मॉडल टाउन में श्री श्याम बाबा प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के इस आयोजन को लेकर भक्तों में काफी उत्साह रहा। भक्तों ने भजन कीर्तन कर हवन में आहुति अर्पित की और भंडारे मे प्रसाद ग्रहण किया।

### शिविर में 180 लोगों की स्वास्थ्य जांच की

**हिसार।** विश्वास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा गांव भोजराज में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में दादा भूमियांखेड़ा वेलफेयर ट्रस्ट का भी विशेष योगदान रहा। शिविर में निशुल्क नेत्र जांच व हड्डी रोग जांच करके उचित परामर्श दिया गया। शिविर में भोजराज व आसपास के क्षेत्रों के 180 लोगों ने लाभ उठाया।

### मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने तिरंगा फहराया

**हिसार।** भामाशाह नगर वैलफेयर सोसायटी की तरफ से भामाशाह नगर के पार्क में रामलला के राम मंदिर में विराजमान होने की खुशी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गणतंत्र दिवस भी मनाया गया। कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने सभी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने की शुभकामनाएं दीं। मंत्री ने सोसायटी के प्रधान सत्यकाम आर्य को ग्रीन हिसार क्लीन हिसार अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने पर स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। समारोह में गौ सेवा आयोग हरियाणा सरकार के अध्यक्ष श्रवण गर्ग, पशुपालन आदि मौजूद थे।

## जन्मदिन मनाने में मशगूल भाजपा विधायक : लक्ष्य गर्ग

# भूमि सुधार आंदोलन को आम आदमी पार्टी ने दिया समर्थन

सेम की समस्या के स्थाई समाधान को लेकर किसानों के धरने में शामिल हुए आप के नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां



भट्टूकलां। किसानों के धरने को समर्थन देते आप नेता लक्ष्य गर्ग।

जिले के अनेक गांवों को अपनी चपेट में ले चुकी सेम की समस्या के स्थाई समाधान करने की बजाय प्रदेश सरकार और उसके नेता आंदोलनरत किसानों के साथ भद्दा मजाक कर रहे हैं। एक तरफ धरतीपुत्र अपनी मांगों को लेकर भूखे-प्यासे, ठिठुरती ठंड में दो महीने से भट्टू उपतहसील कार्यालय के बाहर धरना दिए बैठे हैं वहीं दूसरी तरफ फतेहाबाद से भाजपा के विधायक किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उसका समाधान करवाने की बजाय अपने जन्मदिन की पार्टियां करने में मस्त है। यह बात आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सादस्य व प्रदेश सहसचिव लक्ष्य गर्ग ने किसानों के आंदोलन का समर्थन करते हुए कही। आप नेता लगातार किसानों के इस धरने में शामिल होकर किसानों को अपना समर्थन दे रहे हैं। आप नेता लक्ष्य गर्ग आज भी किसानों के धरने में पहुंचे और रविवार से अनशन पर बैठे दोनों युवाओं बनमंदौरी के दीपक भांभू व ठुईयां से अनिल बैनीवाल के साहस की सराहना की। आप नेता लक्ष्य गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार और उसके विधायक को किसानों की कोई परवाह नहीं है। किसानों की सुध लेने की बजाय जगह-जगह जन्मदिन की पार्टियां कर विधायक किसानों के जले पर नमक छिड़कने का काम कर रहे हैं। आप नेता ने कहा कि सेम की समस्या फतेहाबाद के किसानों की सबसे बड़ी समस्या है। इसको लेकर किसान लंबे समय से आवाज उठा रहे हैं। 2019 के विधानसभा चुनावों में मौजूदा विधायक दुड़ाराम ने लोगों के बीच जाकर इस समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया था लेकिन उनका लगभग पूरा कार्यकाल बीत चुका है लेकिन सेम की समस्या जस की तस बनी हुई है। अब जब किसान उनसे सवाल कर रहे हैं तो वे भाग रहे हैं।

### आप की सरकार बनते ही होगा समस्याओं का समाधान

उन्होंने कहा कि किसानों के साथ इससे पहले भी भाजपा ऐसे ही भद्दा मजाक कर चुकी है। किसान आंदोलन के दौरान सरकार ने किसानों से जो भी वादे किए थे, उनमें से किसी भी वायदे पर सरकार खरी नहीं उतरी है। ऐसी धोखाबाज सरकार और उसके विधायकों को सबक सिखाने के लिए किसान 2024 के चुनावों की इंतजार में है। दिल्ली के बाद पंजाब में आम आदमी पार्टी सरकार बनने से हुए बदलाव से प्रभावित लोग अब हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी को सत्ता में लाने का मन बना चुके हैं। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि प्रदेश में आम आदमी की सरकार बनते ही किसानों की सभी समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा और भाजपा सरकार छीने गए उनके मान-सम्मान की बहाली होगी।

# गोशाला में आए मंत्री से ग्रामीणों ने रखी सड़क निर्माण की मांग

- समिति अध्यक्ष एडवोकेट ओपी कोहली ने मंत्री के समक्ष रखी ग्रामीणों की समस्याएं व मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। मंत्री डॉ. कमल गुप्ता को साथ स्थायी रोड के संबंध में जानकारी देते तलवंडी राणा रोड बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष ओपी कोहली। फोटो : हरिभूमि

पिछले 352 दिनों से तलवंडी राणा बाइपास पर धरने पर बैठे ग्रामीणों ने समिति अध्यक्ष एडवोकेट ओपी कोहली की अध्यक्षता मे गांव तलवंडी राणा की गोशाला के कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के काफिले को रुकवाकर उनसे रोड बारे बातचीत की। ग्रामीणों ने उन्हें धरने पर बुलाकर तलवंडी राणा का रोड बंद करने से ग्रामीणों को आ रही भारी परेशाानियों से अवगत करवाया। ग्रामीणों ने कहा कि सरकार द्वारा अभी तक स्थायी रोड के रूप में केवल 2.6 किमी का रोड ही दिया गया है लेकिन बाकी बचे 3 किमी के रोड के संबंध में कार्रवाई चालू नहीं हुई है।

# राम मंदिर दर्शन के नाम पर होने वाली ठगी से बचें

- पुलिस ने साइबर ठगी के प्रति नागरिकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



मोहित हांडा, एसपी।

पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा है कि अयोध्या में बन रहे भव्य मंदिर में भगवान राम के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बढ़ता जा रहा है। साइबर ठग आमजन से ठगी करने के लिए नए नए तरीके आजमा रहे है। राम मंदिर के नाम पर चंदा मांगकर, वीआईपी पास और एंट्री के नाम पर नागरिकों के साथ धोखाधड़ी कर सकते है। राम मंदिर के नाम से बनाई गई फर्जी वेबसाइट के जरिए भी ठगी हो सकती है। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा ने कहा कि अगर किसी के पास राम मंदिर से संबंधित कोई मैसेज आ रहा है, जिसमें चंदा, वीआईपी पास, प्रसाद के लिए पैसे की बात की जाए तो सावधान रहें, ये धोखेबाज हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ठगों द्वारा लोगों की आस्था का फायदा उठाकर आमजन से ठगी कर रहे हैं।





### जीजेयू के विद्याथी कविता और अंकित का चयन

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के सौजन्य से मंत्रा ई-बाइक्स, आदमपुर के ई-कैंपस प्लेसमैंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के दो विद्यार्थियों को चयनित किया गया है। चयनित विद्यार्थी 2024 पासिंग आउट बैच एमबीए मार्केटिंग की कविता तथा एमबीए जनरल के अंकित हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई तथा कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने भी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

# विष्णु भगवान मंदिर में यज्ञ हवन

- प्राण प्रतिष्ठा से 500 वर्षो के दर्द पर लगा मरहम : प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। अयोध्या में रामलला की सफल प्राण प्रतिष्ठा के लिए हवन-यज्ञ करते विष्णु भगवान मंदिर ट्रस्ट प्रबंधन समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

श्री अयोध्या धाम में नवनिर्मित श्री राम मंदिर में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से 500 वर्षो के दर्द पर मरहम लगा है। श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से राष्ट्रीय स्वाभिमान की पुर्नस्थापना हुई है। आज देश का प्रत्येक व्यक्ति रोमांचित हैं। यह बातें श्री विष्णु भगवान मंदिर ट्रस्ट के सचिव प्रवीण बंसल ने विष्णु भगवान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में रामभक्तों को संबोधित करते हुए कहे। श्री अयोध्या धाम में नवनिर्मित श्री राम मंदिर में श्री रामलला जी के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री विष्णु भगवान मंदिर में पुजारी पुरुषोत्तम जोशी ने मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक रतन कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग, अमरनाथ, जयभगवान, मनजीत सिंह जांगड़ा, अनिल जोगी, अमन तायल, कमल अग्रवाल, ओमपाल यादव, धारा सिंह सैनी उपस्थित रहे।

### श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा पर दीपोत्सव हुआ संपन्न

**हिसार।** सामाजिक संस्था सजग, सेवा फाउंडेशन, यज्ञ हवन विश्व कल्याण एवं लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट का अयोध्या में बनने जा रहे भव्य श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर घर-घर दीए जलाकर दीपोत्सव मनाने का तीन दिवसीय आह्वान अभियान का सोमवार को लक्ष्य पूर्ण होने के साथ समापन हुआ। दीपोत्सव आह्वान अभियान के तहत वार्ड नंबर एक दो व 20 में घर-घर जा कर 5100 दिए वितरित किए गए तथा साथ ही आह्वान किया गया कि अपने घरों, प्रतिष्ठानों, गली-मौहलों में सफाई, सजावट, रोशनी व दीपक प्रज्वलित कर दीपावली जैसा दीपोत्सव मनाए। अभियान का नेतृत्व सजग के प्रदेशाध्यक्ष वास्तु आर्किटेक्ट सत्य पाल अग्रवाल ने किया।

### सुंदर नगर में प्रभु राम का किया नमन

**हिसार।** अयोध्या श्रीराम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के दौरान हिसार के सुंदर नगर वार्ड 2 में नगर निगम पूर्व पार्षद कमला बंसल, सेवा भाव ट्रस्ट के प्रधान मुकेश बंसल, विश्व हिन्दू परिषद के प्रधान आरके गुप्ता, उपप्रधान रविन्द्र गोयल, श्यामजी, सुंदर नगर एसोसिएशन प्रधान कैलाशो देवी, राजकुमार बैनीवाल, पुष्पा देवी व अन्य धार्मिक संस्थाओं और श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन किया। भगवान श्रीराम का गुणगान करते हुए राम नाम का सिमरण किया। इस अवसर पर प्रसाद का वितरण किया गया।

### ग्रीन-सिटी में भक्तों ने लाइव देखा प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम

**हांसी।** ग्रीन-सिटी के सेक्टर 2 में सोमवार को अयोध्या में आयोजित भगवान श्री रामलला के अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को भक्तों ने लाइव देखा। रामलला के प्राण-प्रतिष्ठित होने पर श्रद्धालुओं ने जय श्री राम का गगनभेदी उद्घोष किया एवं श्री राम जी के बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व हरियाणा सरकार में व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अशोक कनौजिया ने कहा कि आज 500 वर्षो के अयोध्या में श्री रामलला अपने भव्य मन्दिर में पधारे है, जो प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव की बात है। मौके पर सौरभ कथूरिया, कुलदीप हिन्दुस्तानी, रामबिलास वर्मा, प्रिंस ठकराल, प्रवीण सिंगला, पवन सैनी, बृजेन्द्र सिंह, सविता रानी, मनीश कुमार व विशाल आदि उपस्थित थे।



### आदमपुर के मंदिरों में सत्संग हवन एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**मंडी आदमपुर।** अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर मंदिरों में सोमवार को सत्संग हवन एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। आदमपुर हनुमान मंदिर एवं संत नामदेव मंदिर में महिला सत्संग मंडली द्वारा सुंदरकांड एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस मौके पर व्यापार मंडल प्रधान नवीन बेनीवाल, सचिव कमल बंसल, संदीप गोयल, निरंजन बंसल, मनोज गर्ग, सुभाष महेश्वरी, ताराचंद बिंदल, वेद सदलपुरिया, मुनीष इलाहाबादी, मुनेश, जोगेंद्र इलाहाबादी, मुकेश शर्मा, पन्नालाल शर्मा, भागीरथ शर्मा, विनोद नामदेव आदि मौजूद रहे।



हिसार। जनरल बाडी मीटिंग के दौरान इंडियन डेंटल एसोसिएशन के सदस्य।

### डॉ. तरुण कालरा बने इंडियन डेंटल एसोसिएशन के प्रधान

**हिसार।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन की जनरल बॉडी की बैठक सोमवार को हुई। बैठक में वर्ष 2024-2025 की कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक में सभी की सहमति से डॉ. तरूण कालरा को एसोसिएशन का प्रधान, डॉ. अर्चना व डॉ. आदिति को उप प्रधान, डॉ. दीपक नागपाल प्रेसिडेंट इलेक्ट, डॉ. सचिन मित्तल सचिव, डॉ. निशा सह सचिव व डॉ. दिप्ती को कोषाध्यक्ष तथा अन्य कार्यकारिणी सदस्य चुने गए है। डॉ. तरूण कालरा की अध्यक्षता में सभी सदस्यों ने फैसला किया है कि इस साल आईडीए एसोसिएशन दंत रोगों की रोकथाम के बारे में बताया।

# पुलिस टीमों ने महिलाओं को किया जागरूक

**हिसार।** पुलिस की महिला समर्पित पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं को उन्हे अधिकार व सुरक्षा के बारे में जागरूक किया। पुलिस टीम नें बस स्टेंड व गुजवि में महिलाओं व छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। साथ ही पुलिस की नजर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने वालों पर भी रही। महिला पुलिस टीम ने सिविल ड्रेस में बस स्टेंड और सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और अभद्र व्यवहार करने वालों पर निगरानी रखी।

### बुर्राह ने पेश किया 'मिठिये मोरनिये' गीत

**हिसार।** समकालीन विद्रोही भावना के अनूठे मिश्रण के लिए मशहूर, गायक-गीतकार बुर्राह ने एक मोहक गीत 'मिठिये मोरनिये' पेश किया है। यह ट्रैक दिल टूटने की कच्ची भावनाओं और खोए हुए प्यार के दर्द को उजागर करता है, और परंपरा को आधुनिक कहानी से मिलाकर एक मधुर संगीतमय सफर पर ले जाता है, जो सच्चा और अपना महसूस होता है। बुर्राह ने कहा 'मिठिये मोरनिये' उस दर्द की झलक है जो किसी ऐसे व्यक्ति को खोने से होता है जिसे दिल से चाहते हैं।

# छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति

- राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में आईएमए की महिला डॉक्टर शाखा द्वारा कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता को स्मृति चिन्ह देते आईएमए के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अजय महाजन। फोटो : हरिभूमि

राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में आईएमए की महिला डॉक्टर शाखा द्वारा जिमखाना क्लब में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता तथा उनकी धर्मपत्नी प्रतिमा गुप्ता मुख्य अतिथि थे। आईएमए के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अजय महाजन, सीएमओ डॉ. सपना गहलावत और पीएमओ डॉ. रत्ना भारती विशेष रूप से उपस्थित रही। इस अवसर पर वंचित विद्यालयों सेवा भारती और बीएस मॉडर्न स्कूल की छात्राओं व छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। पर्वतारोही रीना भट्टी ने सबके साथ अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर आईएमए हिसार के अध्यक्ष डॉ. जसवंत राय बंसल, सचिव डॉ. रामबक्श शर्मा व कोषाध्यक्ष डॉ. सतीश जैन, डॉ. मोनिका जैन, डॉ. नवदीप, डॉ. दीप्ती जैन, डॉ. मीनू सिंगला, डॉ. भूमिका अरोरा, डॉ. अनिशा महाजन, डॉ. अर्चना सोनी, डॉ. ऐन के खेतरपाल, डॉ. संजय शर्मा आदि मौजूद रहे।



हिसार। प्रभु श्रीराम की झांकी निकालते महंत राजेश्वरानंद व श्रद्धालु।

### रामभक्तों की तपस्या लाई रंगः राजेश्वरानंद

**हिसार।** कैमरी रोड स्थित ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम द्वारा आश्रम के गद्दीनशीन महंत राजेश्वरानंद के सानिध्य में अयोध्या में प्रभु श्री राम के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रभु श्री राम की सुंदर एवं मनमोहक झांकी निकाली गई। इस अवसर पर महंत राजेश्वरानंद ने कहा कि अनेक राम भक्तों की वर्षो की तपस्या, संघर्ष और बलिदान का परिणाम है कि आज हमें यह ऐतिहासिक पल देखने को मिल रहा है। आज हर देशवासी के लिए गर्व एवं खुशी का विषय है। इसलिए इसे हमें उत्सव के रूप में दीपावली की तरह की मनाना चाहिए क्योंकि प्रभु श्री राम कलियुग के वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या नगरी में विराजमान हुए हैं। उन्होंने सभी से दीपावली की तरह दीप जलाकर इसकी खुशी मनाने का आह्वान किया।

## द माउंट स्कूल में प्रथम नेशनल कॉर्नहॉल प्रतियोगिता आयोजित

# कॉर्नहॉल प्रतियोगिता में जम्मू-कश्मीर विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। विजेता टीम को टॉफी प्रदान करते हुए अतिथि। फोटो : हरिभूमि

जिला के गांव सूरतिया के द माउंट स्कूल में आयोजित दो दिवसीय प्रथम नेशनल कॉर्नहॉल प्रतियोगिता में जम्मू कश्मीर की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया। वहीं हरियाणा की टीम रनर अप रही। इस प्रतियोगिता में पांच खिलाड़ियों ने जर्मनी में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम की तरफ से अपना स्थान पक्का किया है।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि कालांवाली के पूर्व विधायक बलकौर सिंह ने शिरकत की और विजेता व रनर अप टीम को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बलकौर सिंह ने कहा कि कॉर्नहॉल बेशक जर्मनी का खेल है, लेकिन अब कई देशों ने इसे अपनाना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं ग्रामीणांचल में होना बहुत बड़ी बात है। इससे बच्चों की प्रतिभा में निखार आएगा। उन्होंने प्रतियोगिता के आयोजकों को प्रतियोगिता के शानदार आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए प्रोत्साहित किया।

### 15 राज्यों की टीम ने लिया भाग

उन्होंने स्कूल में जिम स्थापित करवाने के लिए ग्राम सरपंच को प्रस्ताव डालने के लिए कहा, ताकि युवा यहां आकर अभ्यास कर सकें और अपने आप को फिट रख सकें। कॉर्नहॉल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंद सिंह कौड़ी व प्रदेशाध्यक्ष कश्मीर कंबोज ने बताया कि इस पहली बार आयोजित इस प्रतियोगिता में 15 राज्यों की टीमों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि यह गेम जर्मनी की लोकप्रिय गेम है। भारत में भी खिलाड़ियों में इस गेम को लेकर बहुत क्रेज है। भारत में यह पहली नेशनल कॉर्नहॉल प्रतियोगिता द माउंट स्कूल सूरतिया में करवाई गई है।

## खबर संक्षेप



### सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता ढाणी का स्कूल अव्वल

**सिरसा।** मुख्यमंत्री विद्यालय सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता मे खंड सिरसा के राजकीय मिडल स्कूल ढाणी 400 ने सत्र 2023-24 के लिए प्रथम स्थान हासिल किया है यह जानकारी देते हुए विद्यालय के मुख्य अध्यापक सतपाल सिंह सोरवल ने बताया कि गत माह विद्यालय ने मुख्यमंत्री विद्यालय सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता हेतु आवेदन किया था। शिक्षा विभाग द्वारा बनाई गई कमेटी ने विद्यालय का भ्रमण किया तथा विभिन्न आयायों पर अंक प्रदान किया।

### साइबर ठग ने युवक को लगाई हजारों की चपत

**सिरसा।** साइबर ठग ने गांव रोहिड़ांवाली के एक युवक को हजारों रुपए की चपत लगा दी। मामले की शिकायत ओढां पुलिस को दे दी गई है। पुलिस को दी शिकायत में रविंद्र कुमार ने बताया कि उसने मोहाली से अपने पिता की ऑनलाइन दवा मंगवाई हुई थी। उसके व्हाट्सएप पर मैसेज आया कि उसकी दवा पहुंचने में तकनीकी दिक्कत आ रही है। फिर साइबर ठग ने रविंद्र को एक लिंक भेजते हुए कहा कि आप इस लिंक को ओपन कर मात्र 5 रुपए भेज दीजिए, आपकी दवा सही पते पर पहुंच जाएगी। रविंद्र ने जब लिंक ओपन कर 5 रुपए भेजे तो उसी समय उसके खाते से 5 हजार कट गए।

### डिपो होल्डर ने वापस ली हड़ताल, आज बांटेंगे राशन

**फतेहाबाद।** पिछले 21 दिनों से धरना डिपू होल्डरों के पास जब बीपीएल परिवारों के लोग पहुंचे और उनका राशन खत्म हो गया है। उनके पास कोई कामधंधा भी नहीं है। ऐसे में उनके परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। डिपू होल्डरों ने उनकी मार्मिक अपील को सुनकर जनहित में अपनी हड़ताल खत्म करने का निर्णय लिया है। राशन डिपू होल्डरों ने लघु सचिवालय के बाहर धरना स्थल पर ही श्री सुंदर कांड का पाठ करवाकर सरकार की सद्बुद्धि की कामना की और घोषणा की कि वे मंगलवार से जनहित में राशन वितरण का काम शुरू कर देंगे।

### शनि धाम में अभिजीत मुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा

# श्रद्धालुओं ने देवी-देवताओं के पावन स्वरूपों के दर्शन किए

**मंजू बाई सा व अन्य यजमानों ने देवी देवताओं के विग्रहों की पट्टिकाएं खोली**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। शनि धाम मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालु।

नोहरिया बाजार के प्राचीन श्री शनि धाम में अभिजीत मूहूर्त में देवी देवताओं के विग्रहों की स्थापना की गई। प्राचीन श्री शनि धाम में आयोजित मूर्ति पूजा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में अभिजीत मुहूर्त में सभी देवी देवताओं के विग्रहों की विधिवत मंत्रोच्चारण के पट्टिका खोली गई, जिसके पश्चात सैकड़ों श्रद्धालुओं ने देवी देवताओं के पावन स्वरूपों के दर्शन किए। इस अवसर पर श्री बाबो सा भगवान की परम अराधिका मंजू बाई सा विशेष रूप से पधारी। मंजू बाई सा व अन्य यजमानों ने सभी देवी देवताओं के विग्रहों की पट्टिकाएं खोली।

इस अवसर पर वरिष्ठ इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला, भाजपा नेता जगदीश चौपड़ा, पूर्व विधायक डा. सीताराम, पूर्व विधायक डा. सुशील इंदौरा, अनुसूचित जाति व जनजाति आयोग हरियाणा के चेयरमैन रविंद्र सिंह बलियाला, युवा कांग्रेस नेता मोहित शर्मा, इनेलो नेत्री कृष्णा फौगाट, विनोद बैनीवाल, श्री सालासर धाम ट्रस्ट के प्रधान गोपाल सर्राफ, गोपाल गोयल, चंद्र झूंथरा सहित अनेक गणमान्य लोगों ने शिरकत की। इस अवसर पर लंगर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंजू बाई सा व उनके साथ आए विशेष मेहमानों ने सभी देवी देवताओं के विग्रहों का पूजन किया व पवित्र जल का छिड़काव किया।

### नोहरिया बाजार स्थित प्राचीन शनि धाम 250 वर्ष पुराना

मंजू बाई सा ने पावन ज्योत प्रज्ज्वलित की, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर उनके दर्शन किए। मंजू बाई सा ने सिरसावासियों के लिए बाबो सा भगवान से सुख समृद्धि की मंगल कामना की। बाई सा के ममतामयी स्वभाव व आशीर्वाद को पाकर श्रद्धालु धन्य हो उठे। इस अवसर पर संगीतकारों ने बाबो सा महाराज, भगवान राम चंद्र, शिव व हनुमान के भजन सुनाए। इस अवसर पर समाजसेवी पदम जैन ने कहा कि नोहरिया बाजार स्थित प्राचीन शनि धाम 250 वर्ष पुराना है। जीणोद्धार के बाद मंदिर को भव्य रूप प्रदान किया गया है। मंदिर में भगवान बाबो सा, शनि जी के नौ स्वरूप, नवग्रह दरबार, राम दरबार, शिवालय, हनुमान जी व मां दुर्गा के स्वरूप स्थापित किए गए हैं। श्री शनिदेव मंदिर चेरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों मंदिर पुजारी चंद्रमोहन भृगुवंशी, आनंद भार्गव, दीपक भार्गव, राजन भार्गव, गौरव भार्गव व अन्यों ने आए हुए अतिथियों व गणमान्य लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंदिर पुजारी चंद्रमोहन भृगुवंशी, आनंद भार्गव ने कहा कि आज का दिन सिरसावासियों के लिए सौभाग्य का दिन है।

# एचएसएमएसआर ने प्रभु श्रीराम की मूर्ति स्थापना कर मनाई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में हरियाणा स्टेट एंड मैडिकल सैल रिप्रजेंटिव यूनियन की ओर से बिश्नोई मार्केट में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनियन के रा'य प्रधान सुशील शर्मा ने की। रा'य प्रधान ने कर्मचारियों के साथ मिलकर कंपनी कार्यालय में राम लला की मूर्ति स्थापित कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। रा'य प्रधान सुशील शर्मा ने कहा कि इस शुभ घड़ी का पूरे देश के साथ विश्वभर के लोगों को लंबे समय से इंतजार था। आज वो घड़ी आखिरकार आ ही गई और प्रभु अयोध्या में विराजमान होंगे।



सिरसा। दड़बा कलां के बधाई नाथ अखाड़ा में ठंडे पानी की धार में तपस्या करते बाबा योगी जिंद्रनाथ।

### बच्चों ने पोहा व पकोड़ों का लंगर लगाया

**ओढां।** 22 जनवरी को राम मंदिर बनने की खुशी में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने ओढ़ा की पुरानी अनाज मंडी में महाराजा अग्रसेन भवन के पास पोहा व पकोडों का भंडारा लगाया। जिसे देखकर सभी पड़ोसी घरों व राहगीरो ने इन बच्चों की हौसला अफजाई की। छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी जेब खर्ची से रुपए इकट्ठे करके पोहा व पकोड़े बनाकर प्लेटों में डालकर आते जाते लोगों को खिलाऐं। बाल सेवा ग्रुप के सदस्यों का कहना है कि हम इस तरह के अनेक सामाजिक कार्य अपनी जेब खर्ची व गुल्लक से पैसा जोड़कर करते रहते हैं। वच्चों ने बताया कि हम गर्मियों की छुट्टियों में छबील लगाने के इलावा धार्मिक कायारे्ं में भी तन की सेवा करते रहते है और रामलीला मैदान में 15 अगस्त व 26 जनवरी भी बड़ी धूमधाम से मनाते हैं।

# बधाई नाथ अखाड़ा में हुआ सत्संग व भंडारा भी लगा

- योगी जिंद्रनाथ ने 108 ठंडे पानी के मटकों की जलघारा के नीचे तपस्या की पूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चोपटा

गांव दड़बा कलां स्थित अखाडा में सुख शांति के लिए बाबा योगी जिंद्रनाथ की सोमवार को 41 दिन से ठंडे पानी की धारा में तपस्या पूरी हुई। उनकी तपस्या के अंतिम दिन 108 ठंडे पानी के मटकों की जलघारा के नीचे तपस्या की। इसके बाद सोमवार को अखा?ा में सत्संग का आयोजन किया। जिसमें ग्रामीण झूम उठे। वहीं दिनभर भंडारे का आयोजन किया गया। देश प्रदेश से आए हुए साध संतों का सम्मान किया गया। गौरतलब है कि बाबा योगी जिंद्रनाथ ने दिनांक 13 जनवरी से सुबह 28 मटकों में भरे गए ठंडे पानी की धारा लगाकर उसके नीचे तपस्या कर रहे हैं। इसके बाद प्रतिदिन दो मटक बढ़ते रहे। बाबा योगी जिंद्रनाथ की तपस्या के लिए सायं के समय साफ व नये मटकों में ठंडा पानी भरा जाता है। रात भर खुले आसमान के नीचे मटकों को रखा जाता है ।

### अखाड़ा परिसर में हुआ हवन

जलधारा की समाप्ति पर अखाड़ा परिसर में विशेष पूजा होगी। जिसमें ग्रामीणों ने आहुति डाली। इसके बाद बाहर से आए हुए साधु संतों का सम्मान किया गया। जिनमें प्रमुख रूप से पहुंचे संत योगी ओंकर नाथ डेरा बुरा हिसार, शांतिनाथ डेरा बणा वाली, सेवानाथ वनमंदोरी, सुंदरनाथ बिजलाणवास, नंदीनाथ भट्टू, तुरकनाथ तलवा?, सतीशनाथ भिवानी, महेंद्रनाथ सुतलानपुर व अन्य संतों का सम्मान किया गया।

### 5 धूनों के बीच गर्मी में की थी तपस्या

बाबा योगी जिंद्रनाथ ने बताया कि हमेशा उनके ऊपर गुरु शीलनाथ का आशीर्वाद बना रहता है। इसी के चलते ठंडे पानी की जलधारा में स्नान कर रहे हैं। गांव में ठंडे पानी की धारा के नीचे बैठकर तपस्या करके समाज में सुख शांति लाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी में 5 धूनों के बीच तपस्या कर रहे हैं। गांव में सुख शांति के लिए 41 दिन तक धूनों के बीच बैठकर तपस्या की थी।

# गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल 25 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

पुलिस लाइन के प्रांगण में वीरवार को पूर्ण गणवेश में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फाइनल रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। फाइनल रिहर्सल में उपायुक्त अजय सिंह तोमर बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस दिन उपायुक्त राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण करेंगे। सरकारी प्रवक्ता ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 26 जनवरी को पुलिस लाइन प्रांगण में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली मुख्यातिथि होंगे। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्यातिथि कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ठीक 9:58 बजे समारोह स्थल पर पहुंचेंगे और दस बजे राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड का निरीक्षण करेंगे। इसके उपरान्त जिलावासियों को शुभसंदेश देंगे। उन्होंने बताया कि फाइनल रिहर्सल में पुलिस विभाग के पुरूष व महिला वर्ग, होमगार्ड तथा एनसीसी महिला का शानदार मार्चपास्ट होगा वहीं विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा पीटी शो, डंबल शो व लेजियम तथा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार तरीके से प्रस्तुती दी जाएगी।

# स्नैचिंग और चोरी के दो आरोपित काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

एंटी व्हीकल थैफ्ट सैल, फतेहाबाद पुलिस की टीम ने चोरी व स्नेचिंग मामलों मे कार्यवाही करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात मे प्रयोग चाकू, छुरी व बाइक को बरामद किया है। गिरफ्तार किए युवकों ने अपनी पहचान गुरप्रीत उर्फ बोला निवासी अरोड़ा कालोनी रतिया वा राजेन्द्र सिंह उर्फ गप्पल निवासी बादलगढ़ के तौर पर बताई है। मामले का जांच कर रहे एएसआई भुपेन्द्र सिंह ने बताया कि दोनों युवकों को आज कोर्ट मे पेश कर न्यायिक हिरासत में हिसार भेजा गया। एंटी व्हीकल पुलिस टीम ने गश्त के दौरान दोनों युवकों को घग्घर पुल रतिया के पास वारदात में प्रयोग बाइक सहित गिरफ्तार किया है। बता दे कि 16 जनवरी को गांव रताथेह निवास एक व्यक्ति पशुओं को दवाइयां देने के लिए जा रहा था। जब वह गांव लांबा से करंड़ी रोड़ पर पहुंचा तो वहां पर बाइक सवार दो युवक बाइक पर आए और चाकू दिखाकर उससे नगदी छीनकर भाग गए। पुलिस ने इस पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी थी। पुलिस की पूछताछ पर आरोपी गुरप्रीत उर्फ बोला ने चांदपुर के पास से सिलेंडर वाली गाड़ी को रुकवाकर 35 हजार रुपये व एक मोबाइल फोन छीनने की वारदात को भी कबूल किया है। आरोपी द्वारा इस वर्ष अपने साथियों के साथ मिलकर कई वारदातें की।

### आरोपी गुरप्रीत उर्फ बोला द्वारा जनवरी में की गई वारदातें

▸▸ टिब्बा कॉलोनी रतिया से गुरप्रीत ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक मोटरसाइकिल चोरी किया था।

▸▸ दूध की डेयरी पर लड़ाई झगड़ा करके उसने अपने साथियों के साथ मिलकर गल्ले से 4 हजार रुपये निकाल थे।

▸▸ 11 जनवरी को उसने अपने साथी के साथ मिलकर खटीक मोहल्ला, रतिया में कपड़े की दुकान से 18 हजार रुपये वा कपड़े चोरी किये थे

▸▸ गांव चांदपुर के पास से सिलेंडर वाली गाड़ी से 35 हजार रुपये व एक मोबाइल फोन छीन कर ले गए थे।

▸▸ मुन्शी वाली नहर के पास उसने अपने साथी के साथ मिलकर एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति से 1300 रुपये छीने थे।

▸▸ रतिया के मेन बाजार में भगत सिंह चौक वाली गली में लाईव फैशन कैम्प की दुकान से 5 शर्ट वा 5 पेन्ट चोरी की थी।

▸▸ एक्सचेंज पार्क रतिया के पास से उसने अपने साथी के साथ मिलकर मोटरसाइकिल सवार से 1700 रुपये छीने थे।

▸▸ गुरप्रीत ने अपने साथी के साथ मिलकर कशमीरी शाल बेचने वाले व्यक्ति से करीब एक हजार रुपये वा कुछ कपड़े छीने थे ।

▸▸ 12 जनवरी को मुन्शी वाली नहर के पास से दो युवकों से एक मोबाईल वा एक चांदी का कड़ा छीना था।

▸▸ गुरप्रीत व उसके साथियों ने बस स्टैंड रतिया से फ्लैक्स वाली दुकान से 100 रुपये चोरी किये थे।

▸▸ आरोपी राजेन्द्र सिंह उर्फ गप्पल ने 15 दिन पहले अपने साथी के साथ मिलकर शेलर से 20-25 कट्टे धान के चोरी किए थे।

### पुलिस ने उद्‌घोषित अपराधी को दबोचा

**सिरसा।** थाना शहर सिरसा पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक को पी.ओ. काबू किया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान संदीप कुमार निवासी गांव गुड़ियाखेड़ा जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी संदीप कुमार के खिलाफ माननीय अदालत के आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में बीती 17 जनवरी 2023 को भा.द.स. की धारा 174ए के तहत थाना शहर सिरसा में अभियोग दर्ज कर जांच शुरु की गई थी । शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि शहर थाना की एक पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी संदीप कुमार को सिरसा क्षेत्र से गिरफ्तार कर आगामी कार्रावई शुरु की गई।

# केवी सिंह चुनाव मेनिफेस्टो कमेटी के सदस्य मनोनीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डबवाली



आगामी लोकसभा चुनावों के मध्यनजर ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा हरियाणा चुनाव मेनिफेस्टो कमेटी व पॉलिटिकल अफेयर कमेटी सहित चार कमेटियों के सदस्यों की घोषणा कर दी गई है, जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ केवी सिंह व हलका डबवाली के विधायक अमित सिहाग को अहम स्थान दिया गया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ केवी सिंह व हल्का डबवाली के विधायक अमित सिहाग के राजनीतिक तजुर्बे को देखते हुए उन्हें क्त्रमशः हरियाणा कांग्रेस की चुनाव मेनिफेस्टो कमेटी व पॉलिटिकल अफेयर समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। उल्लेखनीय है कि पहले भी डॉ केवी सिंह व अमित सिहाग विभिन्न चुनावों में कांग्रेस पार्टी के लिए अलग अलग रा'यों में काम कर चुके हैं,जिसके तहत जहां डॉ सिंह पंजाब में अपनी सेवाएं दे चुके हैं वहीं हलका डबवाली के विधायक अमित सिहाग को पार्टी द्वारा हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक सहित राजस्थान चुनावों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नियुक्त किया जा चुका है।

# बूथ योद्धाओं को लेकर जजपा ने बनाई रणनीति

### पार्टी का संगठन लगातार मजबूत हो रहा : अशोक वर्मा

- डिप्टी सीएम को पुत्री होने पर जताई प्रसन्नता, बांटे लड्डू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा



सिरसा। पार्टी कार्यालय में बैठक करते जजपा कार्यकर्ता।

आगामी 26 जनवरी को हिसार रोड स्थित कैरा रिजॉर्ट में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा बूथ योद्धाओं की ली जाने वाली बैठक को लेकर आज जेजेपी के जिला कार्यालय में सिरसा विधानसभा क्षेत्र के जेजेपी पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा व हलकाध्यक्ष सुधीर कूकणा ने संयुक्त रूप से की। अशोक वर्मा व हलकाध्यक्ष सुधीर कूकणा ने संयुक्त रूप से बताया कि सभी हलकाध्यक्ष इस बैठक में अपने अपने क्षेत्र में स्थापित किए गए बूथों के सिलसिले में तमाम विवरण साथ लेकर आएं ताकि उपमुख्यमंत्री को जिलेभर में जेजेपी के बूथ योद्धाओं की संपूर्ण जानकारी मिल सके। दोनों पदाधिकारियों ने बताया कि पूरे जिले में जेजेपी के सभी 978 बूथों पर यूं तो बूथ योद्धाओं की नियुक्ति की जा चुकी है, फिर भी संगठनात्मक ढांचे में और अधिक मजबूती के लिए जो भी कदम उठाए जा सकें, उठाए जाने चाहिएं। उन्होंने सभी पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूर्ण जिम्मेदारी व निष्ठा से पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए जन जन के बीच जाकर आमजन को पार्टी की नीतियों व कार्यक्त्रमों से जोड़ें। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को पुत्री प्राप्ति पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए लड्डू बांटे। इस अवसर पर डॉ. राधेश्याम शर्मा, हरिसिंह भारी, राजेंद्र गनेरीवाला, राजन बावा, अमर सिंह 'याणी, सुखमंदर सिहाग, शगनजीत सिंह गिल, तरसेम मिढ़ा व अन्य मौजूद रहे।

# शिक्षा की लौ जगाना पुण्य का कार्य : दयानंद



फतेहाबाद। भट्टूकलां में जिला शिक्षा अधिकारी को सम्मानित करते स्कूल संचालक।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

- 31 को सेवानिवृत होंगे डीईओ दयानंद सिहाग, प्राइवेट स्कूल संघ ने उल्लेखनीय सेवाओं को लेकर किया सम्मानित

शिक्षा के भवन प्रजातांत्रिक किले होते हैं। इन किलों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का परम कर्तव्य बनता है। ऐसे किलो में जो शिक्षा की लौ जगा रहे हैं, वह एक महान कार्य है। ऐसे व्यक्ति की आयु, विद्या, यश, धन में भारी वृद्धि होती है और समाज में मान सम्मान मिलता है। यह बात फतेहाबाद के जिला शिक्षा अधिकारी दयानंद सिहाग ने भट्टूकलां में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन द्वारा आयोजित उनकी विदाई समारोह में उपस्थित स्कूल संचालकों से कहे। डीईओ दयानंद सिहाग ने कहा कि शिक्षा देना बहुत ही पुण्य का कार्य है। इसे व्यवसाय के साथ-साथ समाज सेवा के रूप में भी लेना चाहिए। सभी स्कूल संचालक बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने इस लौ में अपनी आहुति डाल रहे हैं, वहीं बेरोजगार युवाओं को भी रोजगार देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज के युग में किसी भी प्रकार की संस्था चलाना, आसान नहीं है। इसमें स्कूल संचालक को बच्चों के स्कूल में आने व वापस घर तक नहीं पहुंचने की चिंता तो सताती है वहीं वार्षिक परिणाम भी अच्छे आने की उम्मीद भी रखनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि चाहे प्राइवेट स्कूल चलाने वाली संस्था घाटे में ही क्यों ना हो परंतु उनका भविष्य उज्ज्वल ही रहेगा। स्कूल एसोसिएशन की तरफ से सेवानिवृत मुख्य अध्यापक प्रभु दयाल ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले में स्कूल अध्यापक से अधिकारी तक का पद ग्रहण किया।

### गणतंत्र दिवस को लेकर चलाया चैकिंग अभियान

**फतेहाबाद।** गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा कड़ी कर दी है। गुप्तचर विभाग के अधिकारियों ने गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा को लेकर आज फतेहाबाद शहर और भट्टूमंडी में चैकिंग अभियान चलाया। फतेहाबाद में गुप्तचर विभाग की टीम ने होटलों व धर्मशालाओं में जाकर वहां के रिकार्ड की जांच की। इसके अलावा भट्टू में सार्वजनिक स्थान, होटल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि का निरीक्षण व जांच पड़ताल की और सभी को हिदायत दी की किसी भी प्रकार की लावारिस वस्तु, अनजान व्यक्ति या अन्य और कोई अपराधिक परवर्ती के संदिग्ध व्यक्ति आदि के बारे में सचेत रहे व इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दें। इस दौरान एएसआई निहाल सिंह राव व अन्य मौजूद रहे।

### पूर्व सांसद रोड़ी व पूर्व विधायक बलवान सिंह ने गांवों का दौरा किया

# संदेश यात्रा को लेकर शहरवासियों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद



फतेहाबाद। कांग्रेस की संदेश यात्रा को लेकर ग्रामीणों को संबोधित करते पूर्व विधायक बलवान सिंह।

कांग्रेस की संदेश यात्रा के फतेहाबाद आगमन एवं विशाल जनसभा को लेकर स्थानीय नेताओं ने आज तीसरे दिन भी विभिन्न गांवों का तुफानी दौरा करते हुए लोगों को निमंत्रण दिए। तीसरे दिन पूर्व सांसद स. चरणजीत सिंह रोड़ी के साथ फतेहाबाद के पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, हरपाल बैनीवाल, जोगिन्द्र सरपंच बड़ोपल, औम प्रकाश चड्डा, भीम नारंग, घनश्याम आनन्द, जोगिन्द्र सिहाग पूर्व जिला पार्षद, अनूप धूडिया, अनिल बैनीवाल, गांव धांगड़ से सरपंच पद के प्रत्याशी रहे सीताराम भादू, अजीज अभिमन्यु दौलतपुरिया, सुरेन्द्र पूनिया बड़ोपलिया, पवन धारनिया, सूरजमल दहिया, राकेश छोकरा, जिला पार्षद गौरव शर्मा गुलाब सुंडा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। इन नेताओं ने आज मोचीवाली, चौबारा, गोरखुपर, दहमन, नहला, बैजलपुर, ढ़ाणी गोपाल, खासा पठाना, भूना, सीतला में जाकर ग्रामीणों को निमंत्रण दिए। कांग्रेसी नेताओं ने ग्रामीणों को बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का संदेश लेकर चली कांग्रेस की संदेश यात्रा आगामी 29 जनवरी दिन सोमवार को फतेहाबाद जिले में प्रवेश करेगी। फतेहाबाद हलके के गांव किरढ़ान में इस यात्रा का भव्य स्वागत होगा। किरढ़ान के स्टेडियम में विशाल जनसभा का आयोजन भी किया जाएगा। इस यात्रा का नेतृत्व में सीड्ब्ल्यूसी की सदस्य एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्षा कुमारी शैलजा, अखिल भारतीय कांगे्रस कमेटी के महासचिव एवं कर्नाटक रा'य के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला व पूर्व मंत्री एवं तोषाम की विधायक किरण चौधरी करेंगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005